तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज रमेश कुमार बेनीवाल बनाम अभिषेक कांकरिया प्रकरण सख्याः– 37/2024 धारा 131 भू.राजस्व अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24.07.2024	राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 37/2024, अर्न्तगत धारा 131 भू.राजस्व अधिनियम, का तरमीम दुरूस्ती हेतु प्रार्थी द्वारा ग्राम नन्दवान तहसील लूणी के खसरा नम्बर 511/3 व 511/4 हेतु पेश किया गया। पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। प्रकरण के संबंध में तहसीलदार लूणी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गयी जिस पर तहसीलदार लूणी द्वारा अपने पत्र कमांक/भू.अ./24/2204 दिनांक 23.07.2024 को रिपोर्ट प्रेषित की गयी जो कि शामिल मिशल हैं । बहस सुनी गयी तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया । चूंकी प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण तहसीलदार लूणी द्वारा प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट अनुसार तरमीम दुरूस्ती हेतु सहमत हैं तथा उनके द्वारा तहसीलदार लूणी द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के संलग्न दुरूस्ती नजरी नक्शें पर भी अपनी सहमती जाहिर की हैं ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य प्रतीत होता हैं। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को आदेश दिये जाते हैं कि ग्राम नन्दवान तहसील लूणी के खसरा संख्या 511/3 व 511/4 की तरमीम तहसीलदार लूणी द्वारा प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट के संलग्न मौका फर्द दिनांक 07.06.2024 अनुसार राजस्व नक्शें में तरमीम दुरूस्त करें । उक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट इस आदेश का अभिन्न अंग समझा जावेंगा । आदेश सुनाया गया । पत्रावली फैशल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हों । न्यायलय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	—

Scanned by CamScanner